पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-16 शुक्रवार, दिनांक- 18 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-1041 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 74 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री प्रेम कुमार से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य के विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया -

(i) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(ii) श्री प्रदीप कुमार

(iii) श्री नीरज कुमार सिंह

(iv) श्री प्रेम कुमार

(v) श्रीमती मुन्नी देवी

(vi) श्री तारकिशोर प्रसाद

(vii) श्री जवाहर प्रसाद

(viii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(ix) श्रीमती पूनम देवी यादव

(x) श्री राजकुमार राय

(xi) श्री राजेश्वर राज

(xii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव

(xiii) श्री विजय कुमार सिन्हा

(xiv) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(xv) डा० दाउद अली

[4] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा उसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अम्बिका सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 5.33 बजे अप० तक ।

[5] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान :-''पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग''

माननीय मंत्री श्री वैद्यनाथ सहनी द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री कृष्ण कुमार
(iii) श्री उमाकांत यादव
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्रीमती प्रो० उषा सिन्हा
(vi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(vii) श्री प्रदीप कुमार
(viii) श्री विजय कुमार सिन्हा
(ix) श्रीमती नीता चौधरी
(x) डॉ० मो० जावेद
(xi) श्री कन्हैया कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xii) श्री श्याम बिहारी राम

माननीय मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

''आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए निर्धारित कार्यों के निस्तारण तक सदन की अवधि का विस्तार किया जाता है ।''

[6] लोक महत्व के विषय पर विमर्श :-

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-94 के तहत श्री विनोद नारायण झा से प्राप्त सूचना ''रोहतास जिला के अकबरपुर में पुलिस फायरिंग की घटना'' पर आधा घंटा का विमर्श ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा प्रस्ताव किया गया कि इस विषय पर नेता प्रतिपक्ष अपने विचार रखेंगे ।

नेता प्रतिपक्ष श्री नन्द किशोर यादव द्वारा पक्ष रखा गया ।

सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा विमर्श का उत्तर दिया गया ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 21 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-18.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।